पूर्वांचल में लगातार बढ़ रहा निवेश

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में आए प्रस्तावों में दूसरे नंबर पर पूर्वी जिले

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी में आए निवेश प्रस्ताव पूर्वी यूपी में औद्योगिक निवेश के प्रति बढ़ती रुचि के संकेत हैं। हालांकि सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव पश्चिमी यूपी के लिए आए हैं, जबकि पूर्वांचल दूसरे नंबर पर है। इनमें इलेक्ट्रॉनिक्स व खाद्य प्रसंस्करण से लेकर ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट शामिल हैं।

पूर्वांचल में निवेशकों की रुचि बढ़ने के पीछे लखनऊ-गाजीपुर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का त्वरित गति से निर्माण होना अहम कारण माना जा रहा है। हवाई सेवाओं में लगातार हो रही वृद्धि से भी निवेशक काफी आशान्वित हैं। यही वजह है कि बड़े, मझोले और लघु उद्योगों के लिए अब पूर्वी यूपी एक पसंदीदा क्षेत्र बनाता जा रहा है। 200 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव भी अच्छी खासी संख्या में हैं। आने वाले समय में अन्य परियोजनाओं के पूरा होने के साथ ही पूर्वी यूपी में बड़े स्तर पर नए उद्योग शुरू होने की संभावना है।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस में हर साल बनेंगी 80 से 100 मिसाइलें

लखनऊ । ब्रह्मोस एयरोस्पेस की लखनऊ यूनिट अगले दो साल में अपना उत्पादन शुरू कर देगी। 2024 के मध्य से यहां उत्पादन शुरू हो जाएगा। यहां हर साल 80 से 100 मिसाइलें बनेंगी। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के सीईओ और एमडी अतुल डी. राणे ने कहा कि आने वाले समय में यूपी रक्षा उत्पादन क्षेत्र का हब बन सकता है। लखनऊ में 200 एकड़ में बन रही ब्रह्मोस की इस इकाई में दुनिया की बेहतरीन मिसाइलों में से एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल बनाई जाएगी। यह मिसाइल पनडुब्बी, विमान या जमीन से लांच की जा सकती है। इस इकाई से 500 इंजीनियरों और टेक्नीशियनों को प्रत्यक्ष और 5000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। ब्यूरो

64 हजार करोड़ का और निवेश करेगा अदाणी समूह

लखनऊ। अदाणी समूह यूपी में 64 हजार करोड़ का और निवेश करेगा। 3 जून को हुई ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-3 में इस समूह की 6 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ था। इसके कुल निवेश से 30 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा अदाणी ग्रुप 64 हजार करोड़ करोड़ रुपये के निवेश से मिर्जापुर में सोलर प्लांट, कानपुर में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा एम्यूनेशन कॉम्पलेक्स, नोएडा में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक और लखनऊ-आगरा व पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के दोनों ओर औद्योगिक क्लस्टर में उद्योग लगाएगा। ब्यूरो